SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 20 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 353

24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का राज्यसभा सांसद ने किया उद्घाटन : 5 संभाग के 450 खिलाड़ी बच्चे हुए शामिल, 22 सितम्बर तक चलेगा रायगढ़ स्टेडियम में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

- खेल भावना से मिलती है सफलता, पढ़ाई के साथ खेल में करें नाम रोशन- राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह

रायगढ़

24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का आज रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक मार्चपास्ट के साथ शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने खेल ध्वजारोहण कर खेल आयोजन का शुभारंभ किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल उपस्थित रहे।

राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि खेल जीवन का वह हिस्सा है जिससे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ सफलता की राह में आगे बढ़ते हुए एक मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ खेलकूद में शामिल होकर और अच्छे खेल का प्रदर्शन कर नाम रोशन किया जा सकता है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाते हुए खेल को खेल भावना से खेलने, हारने पर निराश न होते हुए आगे बढऩे और परिश्रम कर पुन: अच्छे प्रदर्शन से सफलता अर्जित करने की बात कही। राज्यसभा सांसद सिंह ने कहा कि रायगढ़ जिले में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन होना अच्छी बात है। यह एक ऐसा माध्यम है जहां खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को दिखाने के साथ-साथ आगे बढऩे का बेहतर अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजन से खिलाडिय़ों में खेल के प्रति उत्साह बना रहता है। यहां से जीतकर आगे बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे और अपने राज्य एवं माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। मौके पर उन्होंने सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि छात्र जीवन में खेल और पढ़ाई का विशेष महत्व होता है। खेल में हार-जीत तो होती रहती है, लेकिन आप सभी टीम भावना एवं मजबूत होकर सही धारणा से खेलेंगे तो आगे जीत निश्चित होगी। यह एक ऐसा अवसर है आप सभी के लिए जिससे आप खेल जगत में आगे बढ़ते हुए देश-दुनिया में अपनी पहचान बना सकते है।

इस अवसर पर दिनेश जायसवाल, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वेंकट राव, डीएमसी नरेन्द्र कुमार चौधरी, सहायक संचालक तरसिला एक्का, परियोजना अधिकारी देवेंद्र वर्मा, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, बीईओ घनाराम जाटवर, एबीईओ द्वारिका प्रसाद पटेल, जिला क्रीड़ा अधिकारी जीवन नायक, प्राचार्य विजय तिर्की, व्याख्याता फागुलाल सिदार, सभी संभाग प्रमुख प्रबन्धक, फील्ड मार्शल बी.के.डनसेना, चंद्रमणि गुप्ता, युवराज चौधरी, संजय शुक्ला, जितेश्वर प्रधान एवं अन्य व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रभावी मंच संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल एवं शिक्षक विकास सिन्हा ने किया।

5 संभाग के 450 खिलाड़ी हो रहे शामिल- 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 19 से 22 सितम्बर तक रायगढ़ स्टेडियम में हो रहा है। जिसमें 5 संभाग बिलासपुर बस्तर, दुर्ग, रायपुर एवं सरगुजा के 450 खिलाड़ी बच्चे एवं 125 ऑफिशियल शामिल हुए है। जिसमें व्हालीबॉल-बालक एवं बालिका 19 वर्ष, खोखो-बालक एवं बालिका 17, 19 वर्ष तथा टेबल टेनिस-बालक एवं बालिका 14, 17 वर्ष शामिल है।

जिले की बेटी हुई सम्मानित- राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने वर्ष 2023-24 में जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोला फेंक में विजेता रही शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बड़े भंडार विकासखण्ड पुसौर, जिला-रायगढ़ की छात्रा भूमिका सिदार को 3 हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया।

उल्लास, स्वच्छता एवं खेल की दिलाई गई शपथ- राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अवसर पर सभी बच्चों एवं उपस्थित लोगों को उल्लास की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम जिले में आयोजित किए गए। उन्होंने जन-जन साक्षर अभियान के अंतर्गत घर-घर जायेंगे, साक्षरता की अलख जगायेंगे, जहां ज्ञान का दीप जलेगा, वहां अंधेरा नहीं रहेगा, पढ़ेंगे पढ़ायेंगे उन्नत समाज बनायेंगे की शपथ दिलाई। मौके पर आयुक्त नगर नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी लोगों ने साल में 100 घंटे स्वच्छता के लिए समर्पित करने की शपथ ली। गौरतलब है कि निगम प्रशासन द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा, संस्कार स्वच्छता, स्वभाव स्वच्छता अभियान शहर में चलाया जा रहा है। मौके पर सभी खिलाड़ी बच्चों को खेल शपथ भी दिलाई गई।

अंतर्राष्ट्रीय

लेबनान में हिजबुल्ला पेजर में सीरियल ब्लास्ट : 11 की मौत, 3000 से अधिक घायल, इजराइल को जिम्मेदार ठहराया

बेरूत । लेबनान में संचार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे सैकड़ों पेजरों में एक साथ विस्फोट होने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 3000 से अधिक घायल हो गये जिनमें ज्यादातर हिजबुल्लाह सदस्य हैं। घायलों में 200 के लगभग की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। लेबनान के अल-जदीद टीवी चैनल ने इजरायली सेना पर इन पेजर की बैटरियों को निशाना बनाने का आरोप लगाया, जिसके कारण विस्फोट हुए। घायलों को लेबनान की राजधानी बेरूत और उसके दक्षिणी उपनगरों में स्थित दहिह के अस्पतालों में ले जाया गया है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिरास अबैद ने बताया कि 3000 लोग विस्फोटों में घायल हो गए हैं। उनमें 200 की स्थित गंभीर बनी हुई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हिजबुल्लाह की सक्षम एजेंसियां वर्तमान में एक साथ हुए इन विस्फोटों के कारणों का पता लगाने के लिए व्यापक सुरक्षा और वैज्ञानिक जांच कर रही हैं। पेजर विस्फोटों में हिजबुल्लाह का एक प्रमुख सदस्य हताहतों में से एक है। लेबनानी मीडिया के अनुसार, इसके अलावा, उत्तर-पूर्वी लेबनान के बालबेक जिले में एक युवा लडक़ी की मौत हो गई।

गाजा : स्कूल पर इजरायली हमले में आठ लोगों की मौत

गाजा । गाजा शहर के पूर्व में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजरायली हमले में कम से कम आठ फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायली विमानों ने शुजाय्या इलाके में विस्थापित लोगों के आश्रय स्थल इब्न अल-हैथम स्कूल पर बमबारी की। गाजा सिविल डिफेंस ने एक प्रेस बयान में कहा, हमारी टीमों ने इजरायली हवाई हमले के परिणामस्वरूप आठ पीड़ितों के शव बरामद किए हैं, जिनमें पांच बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हवाई हमले से स्कूल परिसर और क्लासरूम को भारी नुकसान पहुंचा। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि उसकी वायु सेना ने गाजा शहर में कमांड और कंट्रोल सेंटर में हमास आतंकवादियों को निशाना बनाया, जिसे इब्न अल-हैथम स्कूल के नाम से जाना जाता है। बता दें कि 7 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी आतंकवादी ग्रुप हमास ने इजरायल में बड़ा हमला किया था। इसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और करीब 250 का अपहरण किया गया था। इसके बाद इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी और गाजा पट्टी में सैन्य ऑपरेशन शुरू किया। इजरायली हमलों में गाजा में बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ है। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि गाजा में जारी इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढक़र 41,272 हो गई है।

मध्य प्रदेश में भयानक सड़क हादसा, ऑटो के ऊपर ट्रक पलटने से 7 लोगों की मौत, 10 घायल

जबलपुर । आरएनएस

मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में मझगवां थाना क्षेत्र के सिहोरा-मझगवां रोड पर भयानक सडक़ दुर्घटना हुई है। जहां एक ऑटो के ऊपर हाइवा ट्रक पलट गया। जिस कारण एक बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह हादसा मझगवां थाना क्षेत्र के सिहोरा-मझगवां रोड के नुंदी खम्हरिया में हुआ। शाम के समय बेलगाम तेज रफ्तार से भाग रहा एक हाइवा ट्रक मजदूरों से भरे ऑटो के ऊपर पलट गया। हादसे के बाद वहां चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना देकर ऑटो में दबे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। इस दौरान पुलिस जब मौके पर पहुंची तो गुस्साए स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। घटना में मारे गए सात लोगों में तीन पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल था। हादसा उस वक्त हुआ जब सभी मजदूर इटारसी जा रहे थे, जहां से उन्हें सिहोरा स्टेशन से ट्रेन पकडऩी थी। मजदूरी के लिए ऑटो में सवार ये मजदूर प्रतापपुर के निवासी बताए जा रहे हैं।

हादसे के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस दर्दनाक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को संबल योजना के तहत चार-चार लाख रुपए और अतिरिक्त रूप से दो-दो लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की। इस हादसे ने स्थानीय लोगों और प्रशासन को भी झकझोर कर रख दिया।

बिहार के नवादा में दबंगों का आतंक, फायरिंग कर 80 घरों को किया आग के हवाले; गांव में 5 थानों की पुलिस तैनात

नवादा । आरएनएस

बिहार के नवादा में जमीन विवाद को लेकर दबंगों ने दलित बस्ती में आग लगा दी। करीब 80 घर इस आग में जलकर खाक हो गए। पुलिस का कहना है कि 20 घर ही आग में जले हैं और इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई है। इस मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। वहीं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने इस घटना पर नीतीश सरकार को घेरा है। यह घटना नवादा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ननौरा के पास स्थित कृष्णा नगर दलित बस्ती की है। यहां दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जिसको लेकर बुधवार रात दबंगों ने दलित परिवारों के साथ मारपीट की थी और फिर हवाई फायरिंग के बाद उनके घरों को आग लगा दी।

बताया जा रहा है कि गांव में जमीन के एक हिस्से पर फिलहाल दलित परिवारों का कब्जा है। इस जमीन पर कब्जे को लेकर दूसरे पक्ष से विवाद चल रहा है। पीड़ितों का आरोप है कि बुधवार रात को अचानक दबंगों ने हमला कर दिया। मारपीट के साथ उनके घरों में आग लगा दी गई। एसपी अभिनव धीमान ने बताया, कि सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा घरों को जलाया गया है। शुरुआत में दावा किया गया था कि 40-50 घर जलाए गए, लेकिन हमने जितना अभी तक सिविल साइड और पुलिस ने रात के अंधेरे में जितना सर्वे किया है, करीब 21 घरों के परिवारों को हमने चिन्हित किया है।इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने यहां हवाई फायरिंग की घटना से इनकार किया है।

एसपी ने बताया कि इस घटना के जो मुख्य आरोपी बताए जा रहे थे, उनको हमने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी के साथ-साथ 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा, जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, तब तक पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। बताया जा रहा है कि लगभग 5 थानों की पुलिस को यहां बुलाया गया है।

नवादा की घटना पर तेजस्वी यादव का बयान आया है। तेजस्वी ने इस घटना की तुलना महा जंगलराज, महा दानवराज, महा राक्षसराज से की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ड्ग' पर लिखा, महा जंगलराज महा दानवराज महा राक्षसराज। नवादा में दलितों के 100 से अधिक घरों में लगाई आग। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के राज में बिहार में आग ही आग। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बेफिक्र, हृष्ट्र के सहयोगी दल बेखबर। गरीब जले, मरे-इन्हें क्या? दलितों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं होगा।

दून एक्सप्रेस को पलटाने की कोशिश, ट्रैक पर रखा सात मीटर लंबा खंभा, मच गया हड़कंप

नई दिल्ली । आरएनएस

उत्तरप्रदेश के रामपुर में दून एक्सप्रेस को पलटाने की कोशिश की गई है। जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक पर सात मीटर लंबा खंभा रख दिया गया। गनीमत ये रही कि लोको पायलट ने दूर से ही खंभे को देख लिया और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोक ली।

जानकारी मिलने के बाद प्रशासन में हडक़ंप मच गया। आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक तथा जीआरपी एसपी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर जायजा लिया। जिसके बाद खंभा हटाकर ट्रेन तो रवाना किया गया। बताया जाता है कि रुद्रपुर बॉर्डर से सिटी क्षेत्र की बलवंत एनक्लेव कालोनी के पीछे से गुजर रही रेलवे लाइन पर खंभा संख्या 45/10 और 11 के बीच बुधवार की रात बिजली का लोहे का भारी भरकम खंभा किसी ने ट्रैक पर रख दिया था। इसी दौरान गाड़ी संख्या 12091 काठगोदाम देहरादून एक्सप्रेस देहरादून से वापस काठगोदाम उसी ट्रैक से जा रही थी। ट्रेन के लोको पायलट ने रेलवे लाइन पर बिजली का खंभा देखा तो चौंक गए। तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक लिया और मामले की जानकारी अधिकारियों को दी। साथी रेलकर्मियों की मदद से खंभे को ट्रैक से हटाया भी गया। पुलिस अधीक्षक विद्या किशोर मिश्र ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि वह ऐसे शरारतीतत्वों पर नजर रखें और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। उधर सूचना पर जीआरपी पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और जीआरपी पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बड़ा रेल हादसा होने से टला, मथुरा के पास ट्रेन के 26 डिब्बे पटरी से उतरे

मथुरा (आरएनएस)। उत्तर मध्य रेलवे में आगरा मंडल के मथुरा पलवल रेल खण्ड के वृन्दावन रोड और आझई स्टेशन के बीच दिल्ली की तरफ जा रही कोयले से लदी एक मालगड़ी के 26 वैगन बुधवार देर रात पटरी से उतर गये जिसके कारण इस रेलखंड पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मालगाड़ी के बेपटरी होने के चलते 18 गाडिय़ों का निरस्तीकरण कर दिया गया है वहीं 18 गाडिय़ों का मार्ग परिवर्तन कर दिया गया है और तीन गाडिय़ों का आंशिक निरस्तीकरण कर दिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के आगरा डिवीजन की डीसीएम एवं जनसंपर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि मालगाड़ी के चालक और गार्ड सुरक्षित हैं तथा किसी प्रकार की जान-माल की हानि नही हुई है। इंजन के चार वैगन के बाद के डिब्बे पलटे है।आगरा मंडल के डीआरएम तेज प्रकाश अग्रवाल घटनास्थल पर पहुंच गए हैं तथा उनकी देखरेख में रिलीफ का काम शुरू होने जा रहा है। उधर एक्सीडेन्ट रिलीफ ट्रेन भी मौके पर पहुंच गई है। मालगाड़ी के डिब्बे पलटने के कारण चार में से तीन लाइने बाधित हो गई हैं।मथुरा जंकशन स्टेशन के स्टेशन डायरेक्टर एस के श्रीवास्तव ने भी 26 वैगन के पलटने की पुष्टि की है। एनसीआर मुख्यालय प्रयागराज के जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार डिब्बे 1954 बजे पटरी से उतरे थे। इसके कारण जहां 18 गाडिय़ों का निरस्तीकरण कर दिया गया है वहीं 18 गाडिय़ों का मार्ग परिवर्तन कर दिया गया है और तीन गाडिय़ों का आंशिक निरस्तीकरण कर दिया गया है।लाइनों को पुन: संचालित करने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

प्रदूषण के खिलाफ एक्शन प्लान में बदलाव, अब एक्यूआई 200 के पार होते ही लागू हो जाएगा ग्रेप का पहला फेज

नई दिल्ली । आरएनएस

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक बार फिर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) में बदलाव किया है। इस बार के दूसरे और तीसरे चरण में बदलाव किया गया है। 2017 से लेकर अब तक ग्रेप में चौथी बार बदलाव किया गया है।

इस बार भी ग्रेप का पहला चरण एक्यूआई के 201 पहुंचने पर लागू हो जाएगा। इसके बाद इसका दूसरा, तीसरा और चौथा चरण जरूरत के हिसाब से लागू होगा। आइआइटीएम पुणे और मौसम विभाग के पूर्वानुमान के आधार पर ही समय समय पर ग्रेप के अलग अलग चरण लागू किए जाएंगे।

ग्रेप के विभिन्न चरण इस बार भी पूर्वानुमान के आधार पर ही लागू होगे, लेकिन इस बार पूर्वानुमान तीन दिन या इससे अधिक का लिया जाएगा। मसलन, यदि तीन दिन बहुत खराब स्तर के प्रदूषण का पूर्वानुमान हुआ तो ग्रेप का दूसरा चरण आ आएगा।

दूसरे चरण में अब ड्यूल फ्यूल मोड या सर्टिफाइड एजेंसी से रेट्रो फिटिंग करवाने वाले वही डीजल जनरेटर चल सकेंगे जिनकी क्षमता 62 किलोवाट से 800 किलोवाट तक है। अब तक यह क्षमता 125 किलोवाट से 800 किलोवाट थी। तीसरे चरण में तीन नए प्रतिबंध लगाए गए हैं।

ड्रैगन की नापाक चाल.. भारतीय सीमा से मात्र 20 किमी दूर चीन ने बनाया हेलिपोर्ट; सैटेलाइट तस्वीरों से हुआ खुलासा

नई दिल्ली । आरएनएस

चीन एलएसी के नजदीक एक हेलीपोर्ट बना रहा है। यह हेलीपोर्ट एलएसी से पूर्व की ओर 20 किमी की दूरी पर अरुणाचल प्रदेश के संवेदनशील फिशटेल इलाके के नजदीक बनाया जा रहा है। इसके बन जाने के बाद चीनी सेना के लिए भारत से लगती सीमा के पास सैन्य साजो-सामान और सैनिकों की आवाजाही आसान हो जाएगी। यह हेलीपोर्ट ग्रागीगाबू क्यू नदी के किनारे बनाया जा रहा है। यह इलाका स्वायत्त क्षेत्र तिब्बत के नाइंगिच प्रांत में आता है। यह चीनी इलाका है और यहां भारत के साथ चीन का कोई विवाद नहीं है। सैटेलाइट से ली गई एक तस्वीर से पता चलता है कि जहां हेलीपोर्ट बनाया जा रहा है, वहां एक दिसंबर 2023 तक कोई निर्माण नहीं था। वहीं 31 दिसंबर 2023 की एक सैटेलाइट तस्वीर से पता चलता है कि जमीन को निर्माण के लिए साफ किया जा रहा है। स्पेश टेक्नोलॉजी से जमीन पर नजर रखने वाली संस्था मैक्सर की ओर से 16 सितंबर को ली गई हाई रिजोल्यूशन तस्वीर से पता चलता है कि वहां पर बहुत अधिक निर्माण कार्य किया जा चुका है। भू स्थानिक इंटेलीजेंस के विशेषज्ञ डामिन सायमन ने पहली बार इस हेलीपोर्ट के निर्माण की जानकारी दी थी। वो बताते हैं कि इस हेलीपोर्ट से चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी और सैन्य सर्वेक्षणों में मदद मिलेगी। यह हेलीपोर्ट घने जंगलों में बनाया जा रहा है, वहां रसद की आपूर्ती एक बड़ी चुनौती है। वहां उबड़-खाबड़ पहाडिय़ां हैं। यह इलाका सैन्य आवाजाही को बोझिल बना देता है। लेकिन हेलीपोर्ट के निर्माण से दूर-दराज के इलाके में सैनिकों की तैनाती आसान हो जाएगी और पेट्रोलिंग की क्षमता में इजाफा होगा। यह दूर-दराज के इलाकों में चीनी सेनाओं की मौजूदगी को बढ़ाएगा। भारतीय सेना इस निर्माण पर नजर बनाए हुए है।

आंध्र प्रदेश में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया अदाणी ग्रुप, 25 करोड़ रुपए की दी सहायता राशि

अहमदाबाद । आरएनएस

भारी बारिश के कारण बाढ़ से जूझ रहे आंध्र प्रदेश के लोगों की मदद से लिए अदाणी ग्रुप की ओर से गुरुवार को 25 करोड़ रुपये की मदद का ऐलान किया गया।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आंध्र प्रदेश में हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश और बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान से बेहद परेशान हूं। इस कठिन परिस्थिति में अदाणी ग्रुप आंध्र प्रदेश के लोगों के साथ मजबूती से ही खड़ा है। हम पूरे विनम्र भाव से अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से राहत के लिए 25 करोड़ रुपये का योगदान देते हैं।

इसके साथ ही गौतम अदाणी की ओर से एक फोटो पोस्ट की गई, जिसमें अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के एमडी करण अदाणी आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को सहायता देते हुए नजर आ रहे हैं।

गौतम अदाणी की पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए करण अदाणी ने लिखा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में चल रहे राहत अभियान में योगदान देने का मौका मिला। हमारा दिल उन लोगों के साथ है जो अपने जीवन और आजीविका का पुनर्निर्माण कर रहे हैं।

बता दें कि आंध्र प्रदेश में भारी बारिश के कारण भीषण बाढ़ आई थी। हालांकि, अब पानी उतर चुका है। प्रभावित लोगों को राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को भी लगाया है।

बाढ़ पीड़ित के लिए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की ओर से भी राहत पैकेज का ऐलान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री की ओर से बाढ़ पीड़ित लोगों से भी मुलाकात की जा चुकी है और मदद का भरोसा दिया गया है।

बाढ़ को देखते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से भी हाल ही में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का दौरा किया गया था। इस बाढ़ से हुए नुकसान की रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपी गई थी।